जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

12 दिसंबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के लिए कैरियर इंडिया लिमिटेड के साथ ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन को हस्ताक्षरित किया

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक ने कल कैरियर इंडिया के साथ 'पेशेवर कौशल विकास के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ' स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन को हस्ताक्षरित किया । यूनाइटेड वे ऑफ इंडिया के सहयोग से कैरियर इंडिया द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत यह पहल यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक हेतु एक परिवर्तनकारी मील का पत्थर है।

समझौता ज्ञापन पर कुलपति के कार्यालय में एक औपचारिक समारोह में हस्ताक्षर किए गए और इसमें जामिया मिल्लिया इस्लामिया के प्रतिष्ठित अधिकारियों और कैरियर इंडिया और यूनाइटेड वे ऑफ इंडिया के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें कैरियर इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री सुंदरसन नारायणन, कैरियर इंडिया के निदेशक-ग्रोथ इनिशिएटिव श्री संजय शर्मा, कैरियर इंडिया के निदेशक-विपणन श्री करण सोबती और यूनाइटेड वे ऑफ इंडिया के सीईओ डॉ. सुजीत रंजन शामिल रहे ।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति प्रो. मजहर आसिफ और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलसचिव प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी ने इस पहल की सराहना की और अकादमिक-उद्योग सहयोग को बढ़ावा देने के लिए यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के प्रयासों की सराहना की।

यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के प्रिंसिपल डॉ. एम. ए. खान ने यह कहा कि प्रस्तावित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस छात्रों को अत्याधुनिक कौशल विकास के अवसर प्रदान करने, उन्हें व्यावहारिक ज्ञान तथा उद्योग जगत हेतु सभी क्षमताओं से सशक्त बनाने में बहुत कामगार होगा । उन्होंने कैरियर इंडिया और यूनाइटेड वे ऑफ इंडिया के शानदार समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया तथा आशा जताई कि यह पहल अकादमिक और उद्योग के बीच की खाई को पाटने और यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के छात्रों के लिए कौशल विकास में नए मानक स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

कार्यक्रम में अपना वक्तव्य देते हुए, श्री सुंद्रेसन नारायणन ने प्रभावशाली कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहलों के माध्यम से भारत की शिक्षा और कौशल विकास परिदृश्य में योगदान देने के लिए कैरियर इंडिया की प्रतिबद्धता पर बल दिया। इसी प्रकार डॉ. सुजीत रंजन ने रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से समावेशी विकास को सक्षम करने हेतु यूनाइटेड वे ऑफ इंडिया के समर्पण की पुष्टि की।

प्रो मिनी थॉमस, डीन, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय, निदेशक, सीआईई, प्रो रिहान खान सूरी, कुलपति के विशेष कार्याधिकारी, डॉ सत्य प्रकाश प्रसाद, जामिया मिल्लिया इस्लामिया के परीक्षा नियंत्रक प्रो सरोज महानंदा ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया